तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 26 अप्रैल 2025

11 बुखार आते ही रक्त की जांच और नियमित इलाज करवाएं



11 छात्राओं ने समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी



## खबर संक्षेप

### स्कीम का गलत फायदा उठा 9.90 लाख का चूना

**जींद।** सरकार द्वारा प्रयोजित स्कीम का गलत फायदा उठा नौ लाख 90 हजार का लोन हड़पने का मामला सामने आया है। एसबीआई के मैनेजर की शिकायत पर दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विशाल ने शिकायत में बताया कि कृष्णा कालोनी निवासी सत्यवान व ओमनगर निवासी कुलदीप ने एमएसएमई योजना के तहत लोन के लिए आवेदन किया था।

### सिरसा ब्रांच नहर से व्यक्ति का शव बरामद

**जींद।** नरवाना सिरसा ब्रांच नहर पुल के नीचे से एक अज्ञात शव बरामद हुआ है। मृतक की शिनाख्त न होने के कारण शव को नरवाना नागरिक अस्पताल के शव गृह मे रखवाया गया है। मृतक की उम्र लगभग 40 साल है। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति नहर पुल से गिरा है और मौत हो गई। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जींद।** पॉवर हाऊस उचाना मंडी 33केवी में शनिवार सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे तक मासिक मेंटनेंस का कार्य होगा। एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि मेंटनेंस के कार्य के चलते उचाना मंडी पॉवर हाऊस से चलने वाले सभी फीडर बंद रहेंगे। नागरिक अस्पतालए जेटीएलए उचाना मंडी के फीडर की सप्लाई तीन घंटे बंद रहेगी।

### बुआ ने बेटों संग मिलकर भतीजे को किया घायल

**जींद।** गांव रेवर में रिश्ते की बुआ ने अपने बेटों संग मिल भतीजे पर हमला कर घायल कर दिया। गढ़ी थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर उसके उसकी समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रेवर निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम वह अपने मकान में लेटा हुआ था। उसी दौरान उसकी रिश्ते की बुआ लक्ष्मी तथा बेटों ने उस पर हमला कर दिया।

### महिला से पैसे छीनने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** बुढ़ापा पेंशन के पैसे निकलवाकर घर जा रही महिला से पैसे छीनने के मामले में थाना सीवन पुलिस द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी विधवा महिला देशो देवी की शिकायत अनुसार 22 को दोपहर करीब 12 बजे जब वह बैंक से अपनी बुढ़ापा पेंशन के तीन हजार रुपये राशि निकलवाकर आ रही थी।

### कातिलाना हमला करने के मामले में अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ पकडो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की टीम अगुवाई में एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा वर्ष 2023 दौरान के कातिलाना हमला करने के मामले में अपराधी हजवाना निवासी विक्रम को काबू कर लिया गया।

### मकान से साढ़े 49 हजार रुपये की नकदी चुराई

**जींद।** गांव नचारखेड़ा में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर साढ़े 49 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नचारखेड़ा निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कार्यवश बाहर हुआ था। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ साढ़े 49 हजार रुपये की नकदी को चोरी कर लिया।

### सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलाः प्रीति

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। जिन किसानों की गेहूं की फसल अप्रैल माह में आगजनी में नष्ट हो गई तो वे किसान एक मई तक पोर्टल पर नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवा सकते हैं। जिला के 24 गांवों को शामिल किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 को जींद से झंडी दिखा किया रवाना

# सरकार का लक्ष्य नशा मुक्त, सशक्त हरियाणा बनाना : सीएम

### नशे के खिलाफ लड़ाई को समाज के सभी वर्गों को मिलकर बनाना होगा सफलः नायब सिंह सैनी

यात्रा समाज से नशे का खात्मा करने के संकल्प का प्रतीक : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ चल रही राज्यस्तरीय साइक्लोथॉन 2.0 को शुक्रवार सुबह जींद से झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को खाप पंचायतों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों और समाज के सभी वर्गों को मिल कर सफल बनाना होगा। हमारा लक्ष्य नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त हरियाणा बनाना है। यह साइकिल यात्रा नशे से लडऩे, जागरूकता लाने और एकता के साथ समाज से नशे के खात्मा करने के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि खाप पंचायतें हमारे सामाजिक ताने-बाने का प्राचीन काल से ही अभिन्न अंग रही हैं। हरियाणा में प्रदेश की गणधर्मी परम्परा, खाप और सर्वखाप पंचायतों के रूप में विद्यमान रही है। इतिहास साक्षी है कि हरियाणा की इस पंचायत परम्परा ने कई बार विदेशी शक्तियों से लोहा लिया। कई बड़े फैसले खापों ने लिए हैं। आज हम नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। तब खापों ने इस साइक्लोथॉन में भाग लेकर यह सिद्ध कर दिया है कि खाप पंचायतें न केवल परंपरा की संरक्षक हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत भी हैं। खापों ने पहले भी समाज को संदेश दिया है कि जो नशे को बढ़ावा देगा, उसका सामाजिक बहिष्कार होगा और जो नशा छोड़ेगा, उसका स्वागत होगा। इस साइक्लोथॉन को खापों ने समर्थन दिया है और इनके सहयोग से निश्चित तौर पर हरियाणा नशा मुक्त होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि गत पांच अप्रैल को हिसार से शुरू हुई साइकिल रैली विभिन्न जिलों से होती हुई जींद पहुंच चुकी है। शुक्रवार को यह यहां से बरवाला के लिए रवाना होगी। बरवाला, फतेहाबाद होते हुए 27 अप्रैल को सिरसा में इसका समापन होगा।



जींद। स्वयं साइकिल चला रैली में शामिल हुए सीएम नायब सिंह सैनी।





जींद। यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते व लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नायब सैनी। फोटो :हरिभूमि

### सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर लगाम लगाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। ड्रग्स की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। अंतर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए एजेंसियों को सशक्त किया है। सीमावर्ती राज्यों और इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही लेकिन कानून से भी बड़ा है जन आंदोलन। यह साइकिल यात्रा उसी जन आंदोलन का हिस्सा है। जब लोग खुद जागरूक होते हैं जब वे दूसरों को जागरूक करते हैंए तब बदलाव सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारतए स्वस्थ भारत और सशक्त भारत का लक्ष्य रखा है। इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नशा मुक्त भारत बहुत जरूरी है।

**नशे के खिलाफ अभियान से कहीं न कहीं आतंकवाद पर लगेगी रोक : सीएम**

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि नशा व मादक पदार्थों की तस्करी पूरे मानव समाज के लिए चुनौती बन चुके हैं। नशीले पदार्थों की तस्करी के काले कारोबार से जो धन मिलता है, वह संसार में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी। उन्हें भी नशीले पदार्थों की तस्करी से ही पैसा मिलता है। नशे के खिलाफ अभियान से कहीं न कहीं आतंकवाद पर भी रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि यह साइक्लोथॉन सिर्फ एक साइकिल यात्रा नही बल्कि नशे के खिलाफ एक आंदोलन है, एक जनजागरण का संकल्प है। आज हमारे युवा, हमारी खाप पंचायतें, बुजुर्ग और माताएं सभी एकजुट होकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश दे रहे हैं तो अवश्य ही समाज में बदलाव आएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, विधानसभा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, जिला प्रभारी मदन गोयल, चेयरमैन कर्मवीर सैनी, चेयरमैन अमरपाल राणा, चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल, डा. राज सैनी, जिला परिषद की चेयरमैन पूनम सैनी, योगेश बैरागी, भारत भूषण टांक, शिव नारायण शर्मा, कुलदीप रंधावा, पुष्पा तायल व प्रशासन की तरफ से मुख्यमंत्री के स्पेशल ऑफिसर पंकज नैन, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह, एडीसी विवेक आर्य सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### नशे के लिए न कहने का साहस दिखाएं

मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में नशे के लिए न कहने का साहस दिखाएं। अगर आप किसी को नशे की गिरफ्त में देखें तो उससे दूरी बनाने के बजाय उसे सहयोग दें, उसे सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें। सामाजिक बदलाव की शुरुआत घर से होती है। हम सब मिलकर अपने-अपने घरों से शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हों, पंचायतें, नगर निगम और स्थानीय निकाय भी इस मुद्दे को प्राथमिकता दें और सबसे महत्वपूर्ण हम खुद उदाहरण बनें। उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर आपके साथ है। हम हर उस हाथ को थामेंगे जो नशे से बाहर निकलना चाहता है और हर उस जड़ को उखाड़ेंगे जो नशे को फैलाती है।

# अवैध रूप से विदेश भेजने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

- 50 लाख रुपये हड़पने का आरोप पुलिस आरोपितों से पूछताछ मे जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना सफीदों पुलिस ने अवैध तरीके से युवक को अमेरिका भेज कर पचास लाख रुपये हडपने के दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितो से पूछताछ कर रही है। गांव साहनपुर निवासी सुमित ने गत 23 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि उसका संपर्क वर्ष 2024 मे गांव कुराना पानीपत निवासी जितेद्र तथा उसके साथियों से हुआ था। जो विदेश भेजने का काम करते हैं। आरोपितों के झांसे में आकर उसने अमेरिका भेजने की बात की। जिसकी एवेज मे पचास लाख रुपये तय हुई। जिस पर वह गत दो अक्टूबर 2024 को घर से दिल्ली के रास्ते ऐमसडम देश पहुंचा। एक रात वहो ठहरने के बाद वह पार्ट ऑफ स्पेन पहुचा। जहां से एजेंट के कहने पर वह बस तथा टैक्सी से कोलंबिया पहुचा। फिर वह ब्राजील, पेरू, ग्यालिनिया, थापालुच्चा पहुंचा। जहां पर सारी पेमेंट आरोपितों को कर दी गई। जिसके बाद बीस दिन मेक्सिको में रखा गया। जिसके बाद आरोपितों ने उसकी फ्लाइट कैलिफोर्निया की करवा दी। जहां से टैक्सी द्वारा केजवाना पहुंचा। जोकि अमेरिका के मेक्सिको का बॉर्डर पड़ता है। गत आठ फरवरी 2025 को अमेरिका की दीवार क्रॉस करवा दी। जिसके बाद अमेरिका बॉर्डर पुलिस ने पकड़ा था।

# खाप प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ आने का दिया न्योता

- सीएम ने किया खाप प्रतिनिधियों के साथ सामाजिक समस्याओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खापों का हमारे समाज में विशेष प्रभाव रहा है। युवा खापों से संस्कार सीखते रहे हैं। इसलिए खाप युवाओं को नशे से मुक्ति में अहम योगदान दे सकती हैं। यह ऐसा गंभीर विषय है, जिसके पूरे समाज पर दुष्प्रभाव आ रहे हैं। नशे के खात्मे के लिए उनसे व सरकार से खापें जितना भी सहयोग चाहेंगी, वह दिया जाएगा। मुख्यमंत्री जींद में साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में हरियाणा के खाप प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि खाप प्रतिनिधि एक मुहिम चलाएं और युवाओं को नशे से दूर रखें और नशामुक्त हरियाणा बनाने में सहयोग दें। कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा एक जागरूकता का प्रयास है लेकिन इसके पीछे एक बडा उद्देश्य नशे को खत्म करना है। हमें युवा को नशे की बुरी लत से बचाना है हमने अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ना है ताकि वे खेलों में अधिक से अधिक पदक ला कर हरियाणा का नाम देश और विदेश में रोशन करें। खाप प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें बुलाने व चर्चा तथा मान-सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री के सरल एवं हंसमुख स्वभाव की सराहना की। खाप प्रतिनिधियों ने कई विषयों पर एक-एक करके अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने भी हर बात को ध्यान से सुना और उस पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायतों की मांग पर अनेक सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन खोलने की भी मांग रखी।

### ये रहे मौजूद

हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, चेयरमैन कर्मबीर सैनी, खाप प्रतिनिधि टेकराम कंडेला, धर्मपाल कंडेला, अजमेर दालमवाला, राममेहर, सतबीर शर्मा, रविंद्र ढांडा, सुरजभान घसो, बलजीत, धीरा, अमित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जींदः आरटीई के तहत आवेदन को लेकर अंतिम दिन उमड़ी अभिभावकों की भीड़

- स्कूलों ने आरटीई के तहत नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्ष में कुल 2341 सीट दर्शाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख समाप्त हो गई। आवेदन के आखिरी दिन ही खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाने के लिए अभिभावकों की भीड़ उमड़ी। जिस मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के पास 25 % सीटों से अधिक ऑनलाइन दाखिले फार्म प्राप्त होंगे तो जिला स्तरीय कमेटी अभिभावको की उपस्थिति में ड्रा निकालना सुनिश्चित करेंगे। जिले के विभिन्न स्कूलों ने आरटीई के तहत नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्ष में कुल 2341 सीट दर्शाई हैं। इसमें से नर्सरी में 1908, एलकेजी में 40, यूकेजी कक्षा में 60 और ग्रेड 1 में 324 शामिल हैं। पहले आवेदन की तारीख 15 अप्रैल से लेकर 21 अप्रैल तक थी। जिसे बढ़ाकर 25 अप्रैल तक कर दिया था। हालांकि 25 अप्रैल के बाद अभिभावकों को दस्तावेज संबंधित विद्यालय के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाने थे। वहीं शनिवार और रविवार को कार्यालयों के अवकाश के चलते अभिभावक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाने पहुंचे। अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-5049801 पर सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक सभी कार्य दिवस के दौरान संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में बच्चे वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में पहले से पढ़ रहे हैं वे स्कूल उन छात्रों को अगली कक्षा में अपग्रेड करेंगे।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**जींद।** गांव गौसाई खेड़ा के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक डाक विभाग में कार्यरत था। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव भुरायण निवासी जयदीप (32) डाक विभाग में नौकरी करता था। वह अपने दोस्त नवीन के साथ बाइक पर सवार होकर जुलाना से जींद की तरफ आ रहा था। गांव गौसाईखेड़ा के निकट तेजरफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को जुलाना सीएचसी पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने जयदीप को मृत घोषित कर दिया। जबकि नवीन की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

# गैंग रेप पीड़िता की बेटी का खानपुर पीजीआई में किया गया पोस्टमार्टम

- मृतका के गले में निशान, गला घोंट कर हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला से गैंग रेप तथा उसकी पांच वर्षीय बेटी की हत्या की घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। बालिका के गले में निशान था। जिससे साफ जाहिर है कि बालिका की रस्सी से गला घोंट कर हत्या की है। दुष्कर्म की आशंका से नकारा नही जा सकता है। दफनाने के चलते शव की दशा खराब होने से शव को खानपुर पीजीआई खानपुर रेफर किया है। हालांकि पुलिस ने गैंगरेप पीड़िता की शिकायत पर चार के खिलाफ गैंगरेप, हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। महिला से गैंगरेप 21 अप्रैल रात को हुआ था। उसी रात उसकी पांच वर्षीय बेटी की हत्या कर दी थी। परिजनों ने बालिका के शव का पोस्टमार्टम करवाए बैगर दफना दिया था। उसी सुबह महिला ने पति को दुष्कर्म के बारे में बताया था। जिसके बाद 23 अप्रैल को पुलिस को शिकायत दी गई। सीएम के दौरे के चलते मामला बाहर नही आ पाया। वीरवार रात को डूयटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी मे शव का निकाल नागरिक अस्पताल लाया गया था।

### चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

शहर थाना के जांच अधिकारी जसबीर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बालिका के शव का पोस्टमार्टम खानपुर पीजीआई में करवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पूंडरी नपा हाउस की बैठक चेयरपर्सन बबली की अध्यक्षता में संपन्न

# उन्नीस विकास कार्यों के एजेंडे सर्वसम्मति से पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी नपा में चुनाव के बाद नपा हाउस की पहली बैठक चेयरपर्सन बबली गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधायक सतपाल जांबा विशेष रूप से मौजूद रहे। कुल 16 पार्षदों में से 13 पार्षद उपस्थित रहे, जबकि तीन पार्षद घरेलू कारणों से शहर से बाहर होने के कारण अनुपस्थित थे। बैठक में शहर के विकास को ध्यान में रखते कुल 19 एजेंडों को सर्वसम्मति से पास किया। एजेंडे शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सीवरेज, स्ट्रीट लाइटिंग, स्वच्छता और तकनीकी संसाधनों से जुड़े हैं। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि वे अपने विधानसभा के अनुसार शहर के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और सरकार की ओर से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किसी प्रकार की ग्रांट की कमी नहीं रखी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय को दी जा चुकी है और आवश्यक दिशा-निर्देश मिलने पर उनकी जांच करवाई जाएगी। पिछली सरकार के पांच वर्ष के शासनकाल में शहर में बहुत गलत काम व बडे. विकास कार्य घोटालों की भेंट चढ़े जाने से आज भी अधूरे पड़े है।



मीटिंग में जानकारी देते विधायक सतपाल जांबा व चेयरपर्सन बबली गोस्वामी।

### ये रहे मौजूद

चेयरपर्सन बबली गोस्वामी ने सभी पार्षदों का धन्यवाद करते आश्वासन दिया कि सभी कार्य जल्द ही धरातल पर उतारे जाएंगे और शहर को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। जो एजेंडे पास किए है, उनपर आज से काम शुरू हो जाएगा। पार्षद करनजीत कौर, राम प्रसाद, सीमा, मुल्तान सिंह, किरण देवी, हिशम सिंह, विक्की, नसीब सिंह, संगीता, पिंकी, 'योति, सीमा, दीपक व पालिका सचिव नरेश कुमार, जेई प्रदीप गुप्ता व एमई राजेश भी मौजूद थे।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बढ़ती महंगाई के विरोध में किया प्रदर्शन, नारेबाजी

**जींद।** बढ़ती पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमतों, बढ़ाए गए बिजली रेटों व स्मार्ट मीटर के खिलाफ शुक्रवार को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआईएम नेता रमेश चंद्र ने किया। धरने में शामिल लोगों में आम जनता में बढ़ती महंगाई के कारण केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ भारी रोष दिखाई दिया। धरने को संबोधित करते हुए मा बलबीर सिंह, फूल सिंह श्योकंद, विक्रम सिंह, नरेश ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रही हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों को महंगाई बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। विशेष रूप से ईंधन पर भारी कर लगाए जा रहे हैं और कॉरपोरेट्स को छूट दी जा रही है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बावजूद सरकार उपभोक्ताओं को राहत नहीं दे रही है बल्कि अतिरिक्त करों के जरिए राजस्व जुटा रही है।


एक कठफोड़वा प्रति सेकंड की दर से पेड़ में 20 बार अपनी चोंच मार सकता है।


दरियाई घोड़ा इंसानों की तुलना में तेजी से दौड़ सकते हैं और इनके पसीने का रंग गुलाबी होता है।

# आंकड़ों की अच्छी समझ है तो बनाए इन क्षेत्रों में कॅरियर



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

दुनियाभर में डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके साथ ही ऐसे विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है जो इसे समझ भी सकें और समझा भी सकें। डेटा की जरूरत को देखते हुए अब सांख्यिकी में पढ़ाई करने वालों को कई तरह की प्रोफाइल पर काम करने के मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों को समझने का हुनर और उसे आसान भाषा में समझाने की खूबी कॅरियर को नई उड़ान दे सकती है। स्टेटिस्टिक्स यानी सांख्यिकी ऐसा ही एक विषय है। जैसे-जैसे कंज्यूमर डेटा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सांख्यिकी के जानकारों को कॅरियर में नए मौके मिल रहे हैं। डेटा का विश्लेषण करना, इससे पॉलिसी बनाना, आर्थिक सर्वे करना इसके विशेषज्ञों का काम है। कोई भी सर्वे सांख्यिकी डेटा के बगैर संभव नहीं है।

## योग्यता

सांख्यिकी में कॅरियर बनाने के लिए 12वीं में कॉमर्स या गणित होना अनिवार्य हैं। परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होनी चाहिए। 12वीं के पास सांख्यिकी में ग्रेजुएशन और मास्टर्स कर सकते हैं। कुछ संस्थानों में सीधे दाखिला मिलता है। वहीं, कुछ इंस्टीट्यूट प्रवेश परीक्षा के आधार दाखिला देते हैं। दिल्ली, बेंगलुरू और कोलकाता के इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, से पढ़ाई की जा सकती है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, सीआर राव एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, हैदराबाद से स्टडी कर सकते हैं।

### 0-डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर डाटा को कैटेगरीवाइज ऑर्गेनाइज करने का काम करता है। डाटा का बैकअप रखना और उसकी सिक्योरिटी पर नजर रखना भी डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर का ही काम है। इसके अलावा ये विशेषज्ञ स्टेकहोल्डर को डाटा एक्सेस करने में मदद करते हैं। यह तय करते हैं कि परमिशन दी जाएगी या नहीं। डेटा को तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से पेश करते हैं।

## 0-फाइनेंशियल एनालिस्ट



सांख्यिकी में पढ़ाई के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट के तौर पर भी कॅरियर बना सकते हैं। एक फाइनेंशियल एनालिस्ट बैलेंस शीट की एनालिसिस करता है। बताते हैं कि कंपनी और क्लाइंट को कब और कहां निवेश करने की जरूरत है। कंपनी और क्लाइंट के स्टॉक और बॉन्ड की जानकारी रखते हैं और उसकी एनालिसिस करके परिणाम के आधार पर सलाह देकर फायदा पहुंचाते हैं।

### मार्केट रिसर्चर

एक मार्केट रिसर्चर प्रोडक्ट और सर्विस को लेकर इंडस्ट्री के रुख को समझते हैं। उसके आधार पर भविष्यवाणी करते हैं। ये मार्केट में ट्रेंड को समझते हैं। कंपनियों को बताते हैं कि कंज्यूमर की जरूरत क्या है और क्या चलन से बाहर हो रहा है। आंकड़ों की मदद से ये जानकारी देते हैं। मार्केट से डेटा को इकट्ठा करके उसे चार्ट और रिपोर्ट के रूप में पेश करते हैं।

## डेटा साइंटिस्ट



अगर डेटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं तो स्टेस्टिक्स आपके लिए एक सबसे जरूरी विषय साबित होगा। आंकड़ों का डेटा सेट बनाना, डेटा मॉडल तैयार करना, पैटर्न और ट्रेंड को समझना एक डेटा साइंटिस्ट का काम होता है। एक डेटा साइंटिस्ट स्टेस्टिकल मॉडल को तैयार करने के साथ उसे लागू करने का काम भी करता है। यही वजह है कि डेटा साइंटिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एक सांख्यिकीविद का काम पिछले डेटा का विश्लेषण करना होता है। इसकी मदद से पॉलिसी मेकर्स नई पॉलिसी बनाते हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में सांख्यिकी के जानकारों की मांग बढ़ रही है। हर साल 29 जून को नेशनल स्टेस्टिटिक्स डे भी मनाया जाता है।

**मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है मौसम विज्ञान**

# 12वीं के बाद मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर, इस फील्ड में है काफी स्कोप

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

**ग्रेजुएट स्तर पर तीन साल का कोर्स**

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।



### क्या है मौसम विज्ञान



बता दें कि मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

### एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

### फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।

### सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

### डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।

## हमारे देश में मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी

### सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

स विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

### क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

### एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

### कोर्स और योग्यता

हमारे देश में आज भी मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश के बहुत से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मीट्रिओलॉजी संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। जो युवा इस क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं, वे इसमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट योग्यता हासिल कर सकते हैं। अंडग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान वर्ग भौतिकी, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान से 12वीं पास होना जरूरी है। ग्रेजुएट स्तर का कोर्स तीन साल का है। अगर आप इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेना चाहते हैं तो इसके लिए किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपका बीएससी होना जरूरी है।

**मेमोरी शार्प करने के तरीके**

# रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करेंगे पढ़ाई तो लंबे समय तक याद रहेंगे चैप्टर

**अक्सर छात्रों के** साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको पढ़ाई करने के कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेमोरी को शार्प कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

### नोट्स जरूर बनाएं

स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।

### जरूर लें ब्रेक्स

जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।

### फोकस रहें

जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।

### रिवीजन करें

पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपेन किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।

### रिलेट करें

किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे और लंबे समय तक याद भी रख पाएंगे।

### रटने की कोशिश न करें

कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी, इसलिए समझना जरूरी है।

### गोल्स जरूर बनाएं

हर छात्र को अपने जीवन में गोल्स जरूर बनाने चाहिए। हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

# हमारे राष्ट्र की सुरक्षा: आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी प्रेरणा



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

आप हमारे देश का भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान ही वह शक्ति है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत और सुरक्षित बनाएगी। आज, जब हम आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह जरूरी है कि आप न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दें, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी अपनी भूमिका समझें। आतंकवाद और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारा दायित्व है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें और अपने देश को सुरक्षित रखें। इस लेख में, हम करेंगे कि आप, एक विद्यार्थी के रूप में, अपने देश की सुरक्षा में कैसे योगदान दे सकते हैं।

## छात्रा के रूप में आप दे सकते हैं बड़ा योगदान

### 1. जागरूकता : पहला कदम सुरक्षा की ओर

- राष्ट्र की सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। आतंकवाद और अन्य खतरों से निपटने के लिए हमें अपने आसपास के माहौल को समझना होगा।
- **सतर्क रहें**: अपने आसपास होने वाली असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी**: आतंकवादी और असामाजिक तत्व अक्सरसोशल मीडिया का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए करते हैं। ऐसी अफवाहों को न फैलाएँ और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
- **शिक्षा का उपयोग**: अपने स्कूल या कॉलेज में सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। यह आपको आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

### 2. तकनीक का उपयोग: एक शक्तिशाली हथियार

- आज तकनीक का युग है। विद्यार्थी के रूप में, आप तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।
- **साइबर सुरक्षा**: साइबर आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अनजान लिंक या ईमेल से बचें।
- **डेटा विश्लेषण और तकनीकी नवाचार**: अगर आप तकनीक में रुचि रखते हैं, तो डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**AI**), और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करें। ये कौशल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- **जागरूकता फैलाएँ**: तकनीक का उपयोग करके अपने दोस्तों और परिवार को आतंकवाद के खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

### 3. शारीरिक और मानसिक मजबूती

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें डराने की कोशिश करती हैं, लेकिन हमें इनसे डरने के बजाय इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **शारीरिक फिटनेस**: नियमित व्यायाम और खेलकूद से अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाएँ। यह न केवल आपको स्वस्थ रखेगा, बल्कि आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा।
- **मानसिक दृढ़ता**: ध्यान, योग और प्रेरक किताबें पढ़कर अपने मन को मजबूत करें। डर और तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता आपको कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।
- **प्रशिक्षण लें**: अपने स्कूल या कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्टएड) और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लें। यह आपको और दूसरों को आपातकाल में बचाने में मदद करेगा।

## भेदभाव से बचें

### 4. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव

- आतंकवाद का एक प्रमुख उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना होता है। विद्यार्थी के रूप में, आप सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देकर इस मंसूबे को नाकाम कर सकते हैं।
- **सभी को जोड़ें**: जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव से बचें। अपने दोस्तों और सहपाठियों के साथ एकता का संदेश फैलाएँ।
- **सकारात्मक संदेश**: अपने स्कूल या कॉलेज में राष्ट्रीय एकता और शांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे नाटक, वाद-विवाद या पोस्टर प्रतियोगिताएँ।
- **स्वयंसेवक बनें**: सामुदायिक सेवा में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को एकजुट करने में मदद करें।

### 5. कैरियर के माध्यम से योगदान

- राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के लिए आपको सैनिक बनना जरूरी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करके भी आप देश की सेवा कर सकते हैं।
- **सुरक्षा बलों में शामिल हों**: अगर आपमें जोश और देशभक्ति है, तो सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस या अर्धसैनिक बलों में शामिल होने पर विचार करें।
- **वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ**: रक्षा अनुसंधान और तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनें।
- **पत्रकारिता और कानून**: पत्रकारिता के माध्यम से जागरूकता फैलाएँ या कानून के क्षेत्र में काम करके आतंकवाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई को मजबूत करें।
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है हमारा हौसला। डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। हर कठिन परिस्थिति में एक अवसर छिपा होता है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है ?
(ए) टिन
(बी) मैगनीज
(सी) अभ्रक
(डी) मोनाजाईट

**2.** सवैधानिक स्थिति के अनुसार खनिजों पर किसका अधिकार है ?
(ए) राज्य सरकार का
(बी) केंद्र सरकार का
(सी) उर्युक्त दोनों का
(डी) इनमे से कोई नहीं

**3.** नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कोर्प्रेशन ऑफ़ इण्डिया की हीरे की खान कहाँ है ?
(ए) डिगबोई
(बी) जयपुर
(सी) झारसुगुडा
(डी) पन्ना

**4.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य एस्बेस्टस का सर्वाधिक उत्पादक है ?
(ए) मध्य प्रदेश
(बी) आंध्र प्रदेश
(सी) कर्नाटक
(डी) राजस्थान

**5.** भारत के प्रथम खनिज नीति कब घोषित हुयी थी ?
(ए) 1951 में
(बी) 1961 में
(सी) 1972 में
(डी) 1976 में

**6.** भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय खनिज निति की घोषणा किस वर्ष की गई?
(ए) 1991 ई०
(बी) 1992 ई०
(सी) 1993 ई०
(डी) 2008 ई०

**7.** भारत में टिन का अग्रगण्य उत्पादक है -
(ए) ओडिशा
(बी) मध्यप्रदेश
(सी) झारखण्ड
(डी) छतीसगढ़

**8.** स्वर्ण मुखत्या कहाँ पाया जाता है ?
(ए) पन्ना
(बी) कटनी
(सी) कोलार
(डी) खेतड़ी

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### मीट की अवैध दुकानों को जारी किए नोटिस

**कैथल।** शहर में खुली मीट की अवैध दुकानों पर नगर परिषद द्वारा शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नोटिस जारी करते हुए दुकानों को बंद करने के आदेश जारी किए हैं। नगर परिषद के कार्यवाहक कार्यकारी अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि मीट की अवैध दुकानों के संबंध में लगातार शिकायत मिल रही थी। जिस पर डीसी प्रीति ने कड़ा संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### साइबर अपराध के खिलाफ किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बढते साइबर क्राइम को देखते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के आदेशानुसार जिला पुलिस की टीमें जिले में विभिन्न स्थानों पर हेल्पडेस्क लगाकर आमजन को साइबर अपराधों बारे जागरूक कर रही है। शुक्रवार को एसपी आस्था मोदी के कुशल मार्गदर्शन में डीएवी कॉलेज व ब्रह्मानंद चौक पूंडरी में साइबर हेल्प डेस्क लगाया।

### व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विभाग एवं पुस्तकालय समिति के द्वारा 'पुस्तकालय : ज्ञान का महास्त्रोत' विषय पर व्याख्यान एवं अनुकूलन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न स्त्रोतों एवं उनके प्रयोगों को पीपीटी के माध्यम से स्पष्ट किया।

### फ्री अल्ट्रासाउंड, एक्सरे स्वास्थ्य जांच कैंप कल

**जींद।** रिद्धि-सिद्धि क्लब द्वारा कुंदन सिनेमा के सामने सफीदों रोड पर 27 अप्रैल को मुफ्त अल्ट्रासाउंड, एक्सरे एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब संचालक सुभाष चंद्र अनेजा, संरक्षक राजन चिल्लाना ने बताया कि शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि होंगे। स्वास्थ्य जांच शिविर में डा. गौरव मग्गो, डा. मेघा चिल्लाना अपनी सेवाएं देंगे।

### यात्रा ने पर्यावरण को पहंचाया नुकसान : रेढू

**जींद।** इनेलो जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने जिला पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पूरा देश सदमें में है। ऐसे जघन्य अपराध पर भी हरियाणा प्रदेश की सरकार साईक्लोथॉन यात्रा कर रही है। ऐसी अमानवीय घटना पर देश में अनेकों कार्यक्रम रद्द कर दिए जाते हैं और सरकार यात्रा के माध्यम से अपना प्रचार-प्रसार करने में लगी हुई है।

### वक्फ संशोधन बिल को लेकर बैठक का आयोजन

**कैथल।** भाजपा कार्यालय कपिल कमल में एक महत्वपूर्ण बैठक का वक्फ संशोधन बिल को लेकर आयोजन हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर मेराज हुसैन साबरी, सह संयोजक वक्फ संशोधन बिल भाजपा हरियाणा ने शिरकत की।

### गैर शैक्षणिक कर्मियों ने सौंपा सीएम को ज्ञापन

**जींद।** विश्वविद्यालयों में कार्यरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के गैरशैक्षणिक कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी एक्ट 2024 के अंतर्गत सुरक्षा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन सौंपा। सरकार द्वारा पारित जॉब सिक्योरिटी एक्ट 2024 के अंतर्गत हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत द्वद्भड्डुश्च वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा जॉब सिक्योरिटी प्रदान की गई है।

### ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** राज्य जैव विविधता बोर्ड के चेयरमैन रणदीप सिंह जौहर एवं सदस्य सचिव अतुल जे. सिरिस्कर के मार्गदर्शन में आज नरवाना व उचाना ब्लॉक में जैव विविधता प्रबंधन समितियों (बीएमसी) के पुनर्गठन के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन। जींद के खंडों से बीडीपीओ नरवाना से जितेंद्र व उचाना बीडीपीओ राज सिंह कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## विश्व मलेरिया दिवस पर जिलेभर में निकाली जागरूकता रैली

# बुखार आते ही रक्त की जांच करवाएं और नियमित इलाज करवाएं: कल्पना

## सीएमओ ने प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। मलेरिया दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं मलेरिया को खत्म कर फिर से निवेश करें, फिर से कल्पना करें, फिर से जगाएं की आधारित थीम पर जिला जींद में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर पूरे जिले में धरातल स्तर पर लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार, रैलियां, नुक्कड़ सभाएं एवं प्रतियोगिताएं स्लोगन, पेंटिंगए क्विज आयोजित करवाएं गए। इसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली और उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. विजेंद्र ढांडा ने की। एसके नर्सिंग स्कूल जींद में बच्चों ने मलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिए नाटक रूपांतरण बड़े ही अनोखे ढंग से प्रस्तुत किया। क्विज मुकाबला एवं भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से आमजन को मलेरिया के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग सीनियर मलेरिया निरीक्षक राममेहर वर्मा, राजकुमार आदि मौजूद रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जुलानी गांव में विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्कूल के अध्यापकों व बच्चों के सहयोग से मलेरिया से बचाव बारे में जागरूकता रैली निकाली। जिसमें बच्चों ने पूरे गांव को रैली के माध्यम से जागरूक करने में भरपूर सहयोग दिया। एमपीएचडब्ल्यू पवन ने आमजन को जागरूक करते कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है। जोकि दूषित पानी मे अपना जीवनचक्र पूरा करता है। मलेरिया में सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार आता है। इसके बाद गर्मी लगती है और पसीने के साथ बुखार उतर जाता है। पूरे शरीर मे थकावट रहती है। हर रोज या एक दिन छोड़ कर या तीसरे दिन बुखार आना मलेरिया हो सकता है। गांव करेला में जागरूकता अभियान चलाते डा. मोहन वशिष्ठ ने बच्चों को बताया कि बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच करवानी चाहिए व अपना नियमित इलाज लेना चाहिए। उन्होंन बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि सुबह शाम शरीर को कपड़ों से पूरी तरह ढक कर रखें। अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। सप्ताह में एक दिन ड्राई डे अवश्य मनाएं। अगर आसपास पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। सीएचओ कल्पना ने जागरूक करते कहा कि बुखार आते ही तुरंत रक्त की जांच करवाएं और अपना नियमित इलाज लें।



कार्यक्रम में मौजूद सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली छात्रा को सम्मानित करते।



जींद। जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### गांव बिरौली में विश्व मलेरिया दिवस मनाया

प्राथमिक स्वस्थ केंद्र किनाना के तहत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिरौली के गांव बिरौली में स्वास्थ्य सुपरवाइजर मनजीत कुमार के नेतृत्व में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। डा. शुभम सैनी ने बताया कि मलेरिया में सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार व इसके बाद गर्मी लगना और पसीने के साथ बुखार का उतरना है। बाकायदा उल्टियां व सिर दर्द होता है। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। इसलिए रोगी की रक्त पट्टीका बनाना और शीघ्र इसकी जांच करवानी चाहिए। मलेरिया घोषित होने पर रोगी द्वारा मूल उपचार लेना चाहिए। सुबह, शाम, शरीर को कपड़ों से पूरी तरह क ढक रखेना चाहिए।

## कर्मियों को बताए आग बुझाने के तरीके

■ नागरिक अस्पताल में हुआ फायर सेफ्टी को लेकर डेमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान फायर कर्मियों ने डेमो के माध्यम से आग बुझाने के अलग-अलग उपायों के बारे में स्वास्थ्यकर्र्मियों को जानकारी दी। अस्पताल में लगे फायर सेफ्टी उपकरणों को कैसे प्रयोग में लाए जाए, इसके बारे में बताया गया। कार्यक्रम में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. अरविंद, डा. राजेंद्र, नर्सिंग ऑफिसर सुनीता, इंद्रो, फायरमैन अंकित मौजूद रहे। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. अरविंद ने कहा कि हर किसी को फायर सेफ्टी उपकरणों के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है। अस्पताल में उपकरण तो लगाए गए हैं लेकिन यदि हमें इन उपकरणों को चलाने की कोई जानकारी न हो तो यह उपकरण जरूरत पडऩे पर हमारे लिए कोई काम नहीं आएंगे। ऐसे में हर स्टाफकर्मी को फायर सेफ्टी उपकरणों का प्रयोग करने की जानकारी अवश्य रखनी चाहिए। फायरमैन अंकित ने बताया कि आग लगने पर सबसे पहले फायर अलार्म को सक्रिय करें। फिर आग-आग चिल्ला कर आमजन को सचेत करें।



जींद। आग बुझाने का डेमो करते स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि




डा. विद्यार्थी के साथ मौजूद यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी।

### सम्मान समारोह का किया आयोजन

**जींद।** डीएवी स्कूल जींद के दो बच्चे आकाश गोयल और विकास कुंडू ने यूपीएससी की परीक्षा पास करके आईएएस और आईपीएस बनने की ओर कदम बढ़ाया है। यह डीएवी स्कूल के इतिहास में पहली बार हुआ है कि एक ही वर्ष में दो बच्चों ने यह परीक्षा पास की है। इनमें से विकास कुंडू जो पिल्लूखेड़ा का रहने वाला है का स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। उसे स्कूल की तरफ से फूलमालाओं व साल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हरियाणा साहित्य अकादमी के डायरेक्टर तथा उस समय के प्रिंसिपल डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने स्कूल की वर्तमान प्रिंसिपल रश्मि विद्यार्थी के साथ मिल कर प्रदान किया। विकास कुंडू ने स्कूल से कॉमर्स में 12वीं की परीक्षा पास की थी तो वह सभी अपने अध्यापकों से मिले और उनका आशीर्वाद लिया।

### खरीद एजेंसियं लिफ्टिंग कार्य में लाएं तेजी: डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला की मंडियों में रबी सीजन के तहत गेहूं की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जा रही है और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। डीसी ने बताया कि खरीद एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित न हो। खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाएए जिससे खरीदी गई फसल का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडियों में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

### 160 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**कैथल।** ईगल्स क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट, कैथल तथा भारत अस्पताल द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों का एक सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर आर्य समाज स्कूल, कैथल में लगाया गया। कार्यक्रम में भारत अस्पताल के डॉ. आयुष सिंह ने अध्यक्षता की तथा शिविर में लगभग 160 विद्यार्थियों का सामान्य चेकअप किया व बच्चों को निशुल्क दवाइयां भी बांटी गईं। डॉ. आयुष सिंह (एमबीबीएस, एमडी, बाल रोग विशेषज्ञ) ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से अवगत कराया। डॉ. आयुष ने बच्चों का आह्वान किया कि वे पोषक आहार लें और जंक फूड से बचते हुए सामान्य व्यायाम की तरफ झुकाव रखें। ईगल्स क्लब के प्रधान अरविंद चावला ने बच्चों को आसपास सफाई रखने और खानपान के बारे में सचेत किया और बाहरी भोजन से परहेज करने को कहा।



डीसी प्रीति सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते।




कैथल। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

### शांति व्यवस्था बनाए रखने का दिया संदेश

**कैथल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के दृष्टिगत लघु सचिवालय के सभागार में शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। इसमें शहर की समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित सभी धर्मो के मौजिज व्यक्तियों ने भाग लिया और जिले में भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने को लेकर विचार विमर्श किया। शांति समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव भी दिए और प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी प्रीति ने कहा कि पहलगाम की घटना से सभी आहत हैं। सरकार अपने स्तर पर कदम उठा रही है। लेकिन जिले में ऐसी कोई अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए, जिससे आपस का भाईचारा खराब हो।

### नशा तस्करों की पुलिस को दें सूचना

**कैथल।** नशा मुक्त मुहिम तहत कैथल पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तहत एसपी आस्था मोदी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और सभी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो। नशा समाज को खोखला कर रहा है। इसी मुहिम तहत डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में एएसआई ओमप्रकाश व एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा पूर्व में नशा जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है। आगे भी कैथल पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान को गति देते हुए जहां पर लगातार आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाकर नशा ना करने बारे जागरूक किया जाएगा, वहीं पर नशा के सौदागरों का नेटवर्क कुचलने के लिए विशेष मुहिम चलाकर नशा तस्करों को सलाखों पीछे भेजने का काम किया जाएगा।



कैथल। नशा न करने बारे जागरूक करती हुई पुलिस टीम




नरवाना। साइक्लोथॉन में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### इक्कीस विद्यार्थियों ने लिया यात्रा में भाग

**नरवाना।** प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि आज माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा जींद में साइकिल की एक रैली निकाली गई। जिसमें जींद जिले के लगभग सभी स्कूलों में भाग लिया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने संकल्प लिया कि हरियाणा को पूर्णतया ड्रग्स मुक्त करेंगे। इस अवसर पर पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर के प्रवक्ता दीपक जैन , कपिल जाखड़, डीपीई गुरदेव सिंह एसतीश कुमार, श्रीकांत के साथ विद्यालय के 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह विद्यार्थी तथा शिक्षक गण अपनी साइकिल लेकर प्रातः 5: 00 बजे ही एकलव्य स्टेडियम जींद पहुंच गए तथा कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशासन की तरफ से बहुत सुंदर व्यवस्था थी। सभी विद्यार्थी व शिक्षक गण को सफेद रंग की शर्ट भेंट की गई।



नरवाना। चुनी गई कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

### सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में शुक्रवार को लसंस्था के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ। इस चुनाव प्रक्रिया में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद से आब्जर्वर के रूप में प्रोफेसर जितेंद्र सिंह व उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकूला से डॉ सुखविंदर सिंह उपस्थित हुए तथा रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका कॉलेज प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने निभाई। संस्था के पदाधिकारियों में प्रधान पद के लिए सुरेश सिंघलए उपप्रधान के रूप में राजकुमार गोयलए महासचिव के पद पर जियालाल गोयल तथा कोषाध्यक्ष धर्मवीर चुने गए। संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि हमने सदैव संस्था के हित व छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य किया है। आगे भी हम संस्था की चहुमुखी प्रगति हेतु वचनबद्ध हैं।

## वीसी कार्यालय में सौंपा मांगपत्र

■ कक्षाओं में शिक्षकों की अनियमितता से छात्र परेशान, सिलेबस अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि में शिक्षा व्यवस्था की गिरती स्थिति को लेकर किसान छात्र एकता संगठन ने शुक्रवार को कुलपति को संबोधित ज्ञापन कुलपति निजी सचिव को सौंपा। संगठन ने बताया कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों से लेकर डीन ऑफ अकादमिक तक समय पर कक्षाओं में नहीं पहुंचते और कई बार बिना पढ़ाए ही चले जाते हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है और सिलेबस समय पर पूरा नहीं हो पाता। संगठन के युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने बताया कि जब शिक्षक समय पर कक्षा में नहीं आते या बिना पढ़ाए चले जाते हैं तो इसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ता है।

सिलेबस अधूरा रह जाता है और परीक्षा नजदीक आने पर शिक्षक जल्दबाजी में पूरा करवाने की कोशिश करते हैं। जिससे विद्यार्थी न तो विषय को समझ पाते हैं और न ही तैयारी सही से कर पाते हैं। इससे मजबूरी में कई छात्रों को नकल करनी पड़ती है। जो शिक्षा की गरिमा के खिलाफ है। उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है। जिसे विश्वविद्यालय प्रशासन को नजरअंदाज नही करना चाहिए।



जींद। कुलपति निजी सचिव को ज्ञापन सौंपते छात्र। फोटो :हरिभूमि



जींद। ग्राम सभा की बैठक में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जलघर का किया निरीक्षण

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वछता सहायक संगठन की टीम ने जिलाभर में आयोजित ग्रामसभा में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक आयोजित की। जिसमें ग्रामीणों ने पेयजल संरक्षण की शपथ ली। इस मौके पर जिला सलाहकार रणधीर मताना ने ग्राम सभा में जल संरक्षण और गुणवत्ता पर सरपंच, वीडब्ल्यूएससी सदस्यों, पीआरआई सदस्यों और ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने समूह के माध्यम से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाने का आह्वान किया ओर सभी प्रतिभागियों को भविष्य में पानी बर्बाद न करने की शपथ दिलाएं। जल संरक्षण और गुणवत्ता के बारे में जागरूक करने के लिए स्कूल, आंगनवाड़ी और गांव आईईसी गतिविधियां, खुले नल के पानी के कनेक्शन पर नल लगाना, ओटी किट जागरूकता, अस्वच्छ कनेक्शन हटाने के बारे में बताया गया।

## हिंदू कन्या कालेज में छात्राओं ने आयोजित की फेयरवेल पार्टी

# छात्राओं ने समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीएससी अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक भावनात्मक और यादगार फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं को उनके कॉलेज जीवन की मधुर स्मृतियों के साथ विदाई देना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करना था। फाइनल इयर की छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम रेखा सैनी व अंजलि गुप्ता के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर के द्वारा दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया। समारोह के दौरान छात्राओं ने प्राचार्या डा. पूनम मोर और वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं डा. उपासना, डा. सुषमा हुड्डा, रेखा सैनी, डा. गीता गुप्ता, अंजलि का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे नृत्य गायन व कविता पाठ के द्वारा समां को बांधा। सभी छात्राओं ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति के द्वारा सभी का मन मोह लिया। बीएससी, बीए, बीकॉम फाइनल ईयर की छात्राओं ने समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छात्राओं ने प्राध्यापिकाओं के व्यक्तित्व को दर्शाने के लिए गीतों के माध्यम से अपनी भाव अभिव्यक्ति देते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने महाविद्यालय में बिताए गए मधुर पलों की स्मृतियो को कोरियोग्राफी के माध्यम से व्यक्त किया। इस समारोह में छात्राओं ने रैंप वॉक जैसे विभिन्न गतिविधियों से द्वारा भी कार्यक्रम को सुंदर व आकर्षक बनाया। कार्यक्रम के दौरान फैशन शो प्रतियोगिता को भी किया गया। इस प्रतियोगिता में 14 छात्राओं ने भाग लिया। इस फैशन शो प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. गीता गुप्ता व डा. उपासना गर्ग के द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर डा. पूनम मोर ने पूरी निष्ठा के साथ को पढ़ाई हेतु छात्राओं को प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी छात्राओं, टीचिंग स्टाफ व अन्य सभी स्टाफ को कार्यक्रम के सफल संयोजन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने बधाई दी। समारोह के अंत में छात्राओं को स्मृति चिह्न भेंट किए गए और स्वादिष्ट जलपान की व्यवस्था की गई।




जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



जींद। जागरूकता रैली निकालते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### यदुवंशी स्कूल ने निकाली जागरूकता रैली

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम मलेरिया समाप्ति हमसे शुरू होती है पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनःप्रज्ज्वलन के अनुरूप विद्यालय ने छात्रों और समुदाय के बीच मलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विविध गतिविधियों का संचालन किया। छात्रों ने मलेरिया से बचाव के उपायों को लेकर एक रैली निकाली। जिसमें उन्होंने पोस्टर और नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मलेरिया के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य जतिन ने कहा कि मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। हम अपने छात्रों को न केवल शैक्षणिक बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग बनाना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप



### हवन कर किया नए सत्र का शुभारंभ

पूंडरी। शुक्रवार को पूण्डरी मे स्थित एंग्लो संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया गया है। नए सत्र में स्कूल प्रागंण में वैदिक मंत्रों से हवन यज्ञ के साथ शुरुआत की गई। विधालय की गवर्निंग बॉडी के प्रधान श्री सुदेश कुमार बंसल, ने नए सत्र पर बच्चों को शुभकामनाएं दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संरक्षक डा. सुभाष चंद बंसल, उप प्रधान श्री सतपाल चुघ, मेनेजर श्री विवेक बंसल, कोषाध्यक्ष श्री सतीश कुमार सिंघल, सदस्य नरेन्द्र राणा, प्रधानाचार्या डा. गीता देवी व अतिथि रगबीर सिंह, बलवंत राय पूर्व प्रधानाचार्य, सुभाष चंद सिंघल, रमेश गोलन, हिशम सिंह गोलन ० स्टाफ मेंबर्स और सभी बच्चों ने हवन में आहुति डाल कर शास्त्रोनुसार शिक्षा की देवी मां सरस्वती का आवाहन किया।

### स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास

जींद । महाराजा अग्रसेन स्कूल में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम स्थानीय महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीबीएसई के निर्देशानुसार आठ अप्रैल से 25 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े के तहत बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मद्देनजर रखते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में साइंस अध्यापिका सुषमा व शिल्पा ने संतुलित आहार एवं पौष्टिक भोजन के बारे में बच्चों को अवगत कराया। द्वितीय दिवस में अध्यापिका सुमन मित्तल एवं निजी ने हेल्थए न्यूट्रिशन एंव वैलनेस विषय पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम करवाया। प्रथम व द्वितीय पुरस्कार अर्जित करने वाली टीम को पुरस्कृत किया गया। अध्यापिका विभा और प्रियंका ने प्रमोशन ऑफ ट्रेडिशनल और लोकल फूड के बारे में जानकारी दी।

### महिला क्लर्क के साथ दुव्यर्वहार, जताया रोष

जींद। एक महिला क्लर्क के साथ किसी प्राचार्य द्वारा दुव्यर्वहार किए जाने के विरोध में बीईओ और डीईओ कार्यालय के क्लर्क काम छोड़ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एकत्रित हुए। वहां क्लर्कों ने नारेबाजी कर रोष भी जताया। कर्मचारियों का कहना था कि एक प्राचार्य द्वारा महिला क्लर्क के साथ दुव्यर्वहार किया गया है।

### दो निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया

जींद। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा की अध्यक्षता में जिले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर बैठक आयोजित की गई। इस पर उन्होंने दो निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए विद्यालय प्रबंधन को 15 दिन का समय दिया गया।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण देने पहुंच थे कार्तिकेय शर्मा

# कश्मीर हमले के पीछे छिपी ताकतों को बख्शा नहीं जाएगा : राज्यसभा सांसद

भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर देश धर्म और समाज के लिए काम करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा है कि इस समय देश बेहद मजबूत हाथों में पूरी तरह सुरक्षित हैं। कश्मीर में आतंकवादी हमला करने वालों और उनके पीछे छिपी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सरकार इसको लेकर सजग है और ऐसे लोगों को सख्त जवाब दिया जाएगा। इस प्रकार की घटना को कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कार्तिकेय शर्मा सीएम नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में पंचकूला में 27 अप्रैल को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण देने कि लिए गुरुवार को सर्व ब्राह्मण धर्मशाला कैथल में पहुंचे थे। धर्मशाला में पहुंचने पर प्रधान विक्की शर्मा, नरेश भारद्वाज, राजकुमार शर्मा एमई, ईश्वर पाड़ला, डॉ प्रदीप शर्मा व सुरेश बजरंगी ने उन्हें ब्राह्मण समाज की ओर से पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही कहा है कि आंख झुकाकर या उठाकर नहीं, आंख मिलाकर बात करेंगे। कश्मीर हमले के दोषियों व उनके पीछे छिपी ताकतों को बख्शा नहीं जाएगा। भगवान परशुराम किसी एक समाज या वर्ग के नहीं बल्कि सभी वर्गों के भगवान हैं। उन्होंने आतंकवादियों के विरुद्ध अपना परसा उठाकर आततायियों का नाश कर देश और धर्म की रक्षा की थी। मौजूदा समय में उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए पूरे देश के साथ ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर काम करना होगा। परशुराम जयंती एक ऐसा मौका है। जब हम समाज के लोगों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक कर सकते हैं। आज के दौर में भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर देश धर्म और समाज के लिए काम करना होगा।


कैथल। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा पत्रकारों से बातचीत करते।

### कोचिंग सेंटर की व्यवस्था की जाए

शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज की जो धर्मशालाएं हैं। उन धर्मशालाओं में उन युवाओं के लिए कोचिंग सेंटर की व्यवस्था की जाए जो सक्षम नहीं है। जो जरूरतमंद हैं। उनके लिए कोचिंग की व्यवस्था की जाए। ऐसे बच्चे जो आईएएस , आईपीएस, एचसीएस या किसी भी शिक्षा या नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। उनके लिए स्किल सेंटर या ट्रेनिंग सेंटर बनाए जाने चाहिए। प्रधान विक्की शर्मा ने कहा कि कैथल की ब्राह्मण धर्मशाला में लाइब्रेरी के साथ कोचिंग सेंटर की व्यवस्था है। इस पर कार्तिकेय के शर्मा ने कहा कि कोचिंग सेंटर के लिए जिन व्यवस्थाओं की जरूरत है। वह उन्हें जल्द पूरी कर देंगे। आप ब्राह्मण धर्मशाला में कोचिंग सेंटर शुरू कीजिए। आज हमारा देश ज्ञान , विज्ञान और संस्कृति में आगे बढ़ रहा है।

### फिल्म में ब्राह्मण समाज के खिलाफ टिप्पणी बर्दाश्त नहीं

कार्तिकेय शर्मा ने अनुराग कश्यप की फिल्म में ब्राह्मण समाज के खिलाफ की गई टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ऐसी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा। उनके खिलाफ देश का संविधान और कानून अपना काम करेगा। ब्राह्मण आयोग के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि उन्होंने सरकार के आगे इस मांग को रखा है। ब्राह्मण समाज सरकार के कदम की प्रतीक्षा कर रहा है। कश्मीर की घटना के बाद नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम स्थगित करने और बीजेपी के कार्यक्रम पर कार्तिक ने कहा कि यह पंचायती राज का कार्यक्रम है और उसमें पूरे देश के पंचायती राज के प्रतिनिधियों को निमंत्रित किया गया है। इसलिए इसे स्थगित नहीं किया गया। इस समय में विपक्ष को ओछी राजनीति छोड़कर देशहित के बारे में सोचना चाहिए।

### पहलगाम नरसंहार के खिलाफ किया प्रदर्शन, नारेबाजी

सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की बर्बर हत्या किए जाने के रोष स्वरूप शुक्रवार को लघु सचिवालय से शहीदी स्मारक तक प्रदर्शन किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी व आतंकियों व घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआईएम नेता सतबीर खरल ने किया। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में पर्यटकों पर जानलेवा हमले किए। जिसमें 28 निर्दोष लोगों की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई। वो उन सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। जिन्होंने इस हमले में अपने प्रियजनों को खोया है। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सतबीर खरल ने कहा कि इस भयावह अपराध की जितनी निंदा की जाए उतना कम है। इस क्रूर हमले में मारे जाने वालों में हरियाणा के करनाल से नेवी आफिसर भी शामिल हैं। जिनकी छह दिन पहले शादी हुई थी। इस जघन्य अपराध के दोषियों को गिरफ्तार कर उन्हें सजा दी जानी चाहिए। पुलिस और सुरक्षा बल केंद्र सरकार के अधीन हैं। केंद्र सरकार को इस घृणित हमले के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कोई कसर नहीं छोडनी चाहिए। इस जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकी हमारे देश और विशेष रूप से कश्मीर के लोगों के दुश्मन हैं। संदीप जाजवान, कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रदर्शन कर पाक के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई की मांग

पूंडरी। गत दिवस जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में विभिन्न राज्यों से ताल्लुक रखने वाले निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या को लेकर पूंडरी शहर में रोष प्रदर्शन किया गया। इस जघन्य कृत्य के विरोध में शहर की कई सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की।प्रदर्शन के दौरान लोगों ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह आतंकवाद को पनपने देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान होश में आओ, शहीदों को न्याय दो जैसे नारे लगाए। वक्ताओं ने कहा कि अब केवल बयानबाजी से काम नहीं चलेगा, आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्यवाही आवश्यक हो चुकी है।

### विहिप ने फूंका आतंकवाद का पुतला



सफीदों । विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व दुर्गावाहिनी के कार्यकत्र्ताओं ने शुक्रवार को नगर के महाराजा अग्रसैन चौंक पर आतंकवाद का पुतला फुंका और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यक्रम में भक्ति योग आश्रम के संचालक डॉ. शंकरानंद सरस्वती महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री प्रमोद गौत्तम ने विशेष रूप से शिरकत की। अपने संबोधन में डा. शंकरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि दो दिन पहले कश्मीर के पहलगाम में जो घटना हुई है, वह काफी निंदनीय है। आतंकवादियों ने निहत्थे और बेकसूर पर्यटकों को धर्म के आधार पर टारगेट कर गोली मारी गई। यह बहुत ही कायराना हरकत है। इसके खिलाफ जवाब दिया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि ऐसी कार्रवाई करेंगे

### नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



राजौंद। शुक्रवार को राजौद के नागरिकों,दुकानदारों ने सामूहिक रूप से पहलगाम जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा निहत्थे लोगों की गई हत्या के विरोध में राजौंद के नायब तहसीलदार सुरेश कुमार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आतंकवादियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। इस दौरान नागरिकों ने जमकर पाकिस्तान के विरुद्ध नारेबाजी की और अपना रोष प्रकट किया। ज्ञापन में नागरिकों ने यह भी मांग कि है की राजौद में रहने वाले अप्रवासी जो यहां पर फेरी का काम करते हैं या फड़ी लगाने का काम करते हैं, कुटीर धंधे चलाने वाले प्रवासी लोगों की वेरिफिकेशन करवाई जाए व जो लोग इन लोगों को अपने यहां रख रहे है उन ग्रामीणों की भी पुलिस द्वारा जांच की जानी चाहिए। इस दौरान दर्जनों की संख्या में नागरिक ने मौजूद रहे।

### पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए



जींद । पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जींद की जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डा. इस्लाम ने कहा कि पहलगाम में जो हमला हुआ है, वह गलत हुआ है। उन्होंने कहा कि हर धर्म व्यक्ति को इंसानियत के रास्ते पर चलने का संदेश देता है। इस्लाम इस बात की इजाजत नही देता कि किसी निर्दोष के साथ ऐसा जुल्म किया जाए। वे इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं और सरकार से अपील करते हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसके अलावा जो चोटिल या घायल हैंए उन्हें बेहतर इलाज दिया जाए। उन्होंने शुक्रवार को जुम्मे का दिन होता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिद में एकत्रित होकर सभी लोगों को आपस में भाईचारे की भावना से रहने का संदेश देते हैं।

### अफवाहों को लेकर प्रशासन सतर्क



जींद । डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी एसडीएम एवं डीएसपी अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करें तथा पूर्ण सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सोशल मीडिया की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए ताकि कोई भी आपत्तिजनक, भ्रामक या भड़काऊ सामग्री प्रसारित न हो सके। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के चलते सुरक्षा के दृष्टिगत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उच्च अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ाने तथा सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को लेकर आने वाले दिनों में विशेष सतर्कता बरतने और कड़े सुरक्षा प्रबंध करना सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट या टिप्पणियां करना, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो, एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने जिलावासियों से अपील की कि वे शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखें ।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जाब मेले का आयोजन

फ्री जाब मेलों के प्रति विद्यार्थी उत्साहित दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जाब मेले का आयोजन हुआ। संस्थान प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह की देखरेख में गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड मोहाली द्वारा अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट की प्रक्रिया को पूरा किया गया। इसमें कंपनी से आए प्रतिनिधि राजीव ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान में निरंतर विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए जॉब मेलों का आयोजन करवाया जाता है। इसमें होंडा मोटरसाइकिल, स्वराज, गेट्स इंडिया लिमिटेड जैसी अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी शामिल रहती हैं। फ्री जाब मेलों के प्रति विद्यार्थी बेहद उत्साहित नजर आते हैं। क्योंकि मेलों के जरिये संस्थान के साथ साथ जिला व प्रदेश के अन्य हिस्सों में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर मिलते है।


कलायत। आईटीआई में आयोजित जाब मेले में हिस्सा लेते विद्यार्थी फोटो: हरिभूमि

## खाटू श्याम भक्तों की बस को दिखाई झंडी

- विधायक आदित्य ने सकुशल यात्रा के लिए सभी को अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल में एक अनोखी पहल की है। बाबा खाटू श्याम के भक्तों के लिए विधायक आदित्य सुरजेवाला ने सुरजेवाला निःशुल्क बस सेवा शुरू की हुई है। पिछली बार आदित्य सुरजेवाला ने वार्ड न. 4 से कैथल से बाबा खाटू श्याम धाम के लिए बस को हरी झंडी देकर इस सेवा की शुरूआत की थी, इसी कड़ी में आज फिर दूसरी बस को आदित्य सुरजेवाला ने कैथल के इंदिरा गांधी कॉलेज की छात्राओं को बाबा खाटू श्याम धाम में दर्शन हेतु बस सेवा को रवाना किया। आदित्य सुरजेवाला ने बस में सवार बाबा खाटू श्याम के दर्शन के लिए जा रहे सभी छात्राओं से मुलाकात की और सकुशल यात्रा के लिए सभी को अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल की जनता ने सुरजेवाला परिवार को पीढ़ी दर पीढ़ी अपना आशीर्वाद हमेशा दिया है। उनके इसी आशीर्वाद व साथ से उन्हें आज हिंदुस्तान में सबसे कम उम्र का विधायक बनने का सौभाग्य प्राप्त है। माताओं, बुजुर्गों और भक्तजनों की मांग व सलाह से ही हमने कैथल में सुरजेवाला फ्री बस सेवा की शुरूआत की है, जो हर माह कैथल से बाबा खाटू श्याम धाम जाएगी।


विधायक आदित्य सुरजेवाला बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते।

## प्रमोद शर्मा सर्वसम्मति से बने हल्का प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पंजाबी धर्मशाला में ब्राह्मण समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों की बैठक हुई। बैठक में भगवान परशुराम जयंती मनाने के उपलक्ष में विचार विमर्श किया । इसके साथ-साथ पूंडरी हल्का से आए गांव-गांव से गणमान्य व्यक्तियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सर्व ब्राह्मण सभा हल्का पूंडरी का नया प्रधान चुना जाए। अवसर पर सर्वसम्मति से ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रमोद शर्मा फतेहपुर को सर्व ब्राह्मण सभा हल्का पूंडरी का प्रधान चुना गया। प्रधान चुने जाने पर सभी समाज के लोगों द्वारा खुशी जाहिर की गई और सर्व समिति से इसको पारित किया गया। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा फतेहपुर ने पूरे समाज का धन्यवाद किया और उन्होंने कहा कि जो मेरे को समाज ने जिम्मेवारी दी है उसको मैं तन मन धन से निभाऊंगा और ब्राह्मण समाज के लिए दिन-रात खड़ा रहूंगा और समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम करता रहूंगा । समाज में आई कुरीतियों को दूर करने का काम करूंगा और समाज के गरीब लोगों गरीब परिवार के बच्चे व बच्चियों को भी आगे बढ़ाने का काम करूंगा। जिससे उनका भविष्य सुधर सके और समाज में कुरीतियों को दूर करने के लिए गांव-गांव जाकर के उनसे मिलकर के उनकी समस्याओं का भी समाधान करूंगा।


प्रधान प्रमोद को फूल मालायो से स्वागत करते सदस्य।

## शहर में अवैध कॉलोनी के विकास पर प्रशासन की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- भूमि खरीदने से पहले सतर्क रहें नागरिक

शहर में बिना आवश्यक स्वीकृति के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने इस पर बताया कि बिना लाइसेंसए सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि रवेन्यू एस्टेट जलालपुर खुर्द खसरा नंबरों 39//6,7/1,15/2 खेवट न. 33 में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से यह भी निर्देश जारी किए गए हैं कि जिन खसरा नंबरों में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है वहां किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री, बिक्री अनुबंध, पूर्ण भुगतान अनुबंध या पावर ऑफ अटॉर्नी जारी न की जाए। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पहले उसकी पूरी जांच व पड़ताल कर लें।

## साइक्लोथॉन साइकिल यात्रा में शामिल हो नशे के खिलाफ दिया संदेश

# हम सभी को अपने आसपास के लोगों और रिश्तेदारों को नशे से बचाना होगाः वृंदा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइक्लोथॉन 2.0 का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी ने पुराना बस स्टैंड से किया। इस प्रोग्राम में नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसीपल सोनू शर्मा (वृंदा शर्मा) ने अपने स्टॉफ के सदस्यों श्वेता मित्तल, पूनम वर्मा, मीनू पहल, सुमनलता, नेहा गर्ग, सरोज कौशिक, सुनीता गोयत, बिमला, सरोज गोयत, वर्षा, मधु, स्वीटी, मोनिका कलंकधा, कश्मीर नेहरा, परमजीत, कुलभास्कर तथा सीनियर लैक्चरर सुंदर लाल, अमित गोयल, बालकिशन गर्ग, संजय रोहिल्ला, नरेश कुमार आदि स्टाफ सदस्यों के साथ लगभग 500 विद्यार्थियों को लेकर इस साइक्लोथॉन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वृंदा शर्मा की प्रशंसा भी की तथा समाज सुधार तथा नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी का आह्वान किया। इस अवसर पर वृंदा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को व अन्य सदस्यों को संबोधित करते नशे के खिलाफ लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बीमारी है। जो धीरे-धीरे समाज को खोखला कर रहा है। हमें समाज को नशे से बचाना है। जिसके लिए हम सभी को प्रयास करने होगें। हमें अपने आसपास के लोगों को, रिश्तेदारों को नशे से बचाना होगा तथा नशे के विरूद्ध जागरूक करना होगा। इस अवसर पर वृंदा शर्मा ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों व लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की तथा कहा कि यदि हमारा देश नशा मुक्त होगा तभी हमारे देश की तरक्की सभंव है।




जींद। साइक्लोथॉन में शामिल होते वृंदा शर्मा। व साइक्लोथॉन में साइकिल चलाते भाजपा नेत्री वृंदा शर्मा।



### कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने की गांव के विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 21 लाख रुपये देने की घोषणा

नरवाना। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि देश व प्रदेश में गरीब मजदूर, कमेरे वर्ग, गांव और देहात की सरकार है। पेंशन, राशन, बिजली, बच्चो की शिक्षा, चिकित्सा एवं कानून व्यवस्था, किसान की फसलों का दाना.दाना खरीदनेए बिना खर्ची व बिना पर्ची के रोजगार देने की बात हैए हर प्रकार से गांव के मजदूर और किसान के साथ देश व प्रदेश की सरकार खड़ी है। कैबिनेट मंत्री?? कृष्ण कुमार कुमार बेदी वीरवार को देर शाम अपने विधानसभा क्षेत्र नरवाना के गांव भाणा ब्राह्मण में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर ग्राम वासियों द्वारा रखी गई सभी मांगों को मंजूर करते हुए गांव के विकास के लिए 2 करोड़ 21 लाख देने की घोषणा की। कहा कि गांव की जितनी भी मांगे हैंए उन सबका एस्टीमेट बनाकर सभी को पूरा किया जाएगाए जिनमें गांव के तीनों तालाबों पशुओं के लिए पीने के पानी का पाईप लाइन का कार्यए गांव वासियों के लिए पीने के पानी के लिए बोर खेल स्टेडियम में रनिंग ट्रैक, स्टेडियम, वाल्मीकि मंदिर, बाबा भोलू मंदिर व सहित अन्य सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### लिंग जांच की सूचना पर मिलेगा इनाम

नरवाना। आस्था अस्पताल के चेयरमैन डा प्रदीप नैन को राह क्लब नरवाना का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के प्रतिनिधि के तौर पर राह क्लबों की जींद यूनिटों के प्रभारी राजेश टांक ने सोंपी। इस दौरन शहरी शिक्षा समिति के प्रधान डा अमित सैन, नगर पार्षद नरेश नैन दनौदा, विरेंद्र जयहिंद डायरेक्टर वैल्यू प्लस, विकास मित्तल, विनोद शर्मा, मा इकबाल राठी, महावीर बूरा लोन, नप चेयरमेन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, नगर पार्षद संजय गर्ग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले राह क्लब नरवाना की नवगठित ईकाई की बैठक में कन्या भ्रूण हत्या रोकने क्षेत्र को पॉलीथीन फ्री बनाने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने नरवाना ब्लॉक के स्कूलों को प्रदेश भर में सब से सुन्दर स्कूल बनाने व विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने सहित विभिन्न मामलों में फैसले लिए गए। नव नियुक्त डा प्रदीप नैन ने क्षेत्र में लिंगानुपात की स्थिति सुधारने पर जोर दिया गया।